आपके जीवन का सबसे बड़ा निर्णय!

जीवन में अधिकांश निर्णय कई बातों के लिए मायने रखते हैं। हालांकि, उनमें से केवल एक ही सबसे अधिक मायने रखता है। यदि आप इस असाधारण निर्णय की गहरी समझ के लिए एक सरल मार्गदर्शिका की तलाश में हैं – अर्थात् उद्धार के लिए परमेश्वर का मुफ्त उपहार – तो फिर यहां शुरू करें। डेविड जे. स्वांत द्वारा लिखी गयी पुस्तक, "आउट ऑफ़ दिस वर्ल्ड: ए क्रिश्चियन्स गाइड टू ग्रोथ एंड पर्पस" से लिया गया।

Copyright © 2013 David J. Swandt. All Rights Reserved.

Published under license agreement by Twenty20 Faith, Inc. (USA). Not intended for resale. For more information visit:

www.twenty20faith.org

"क्या परमेश्वर द्वारा आपको स्वर्ग में जाने की अनुमति देनी चाहिए?"

केवल एक पल के लिए कल्पना करें कि इस धरती पर आपका समय एक अप्रत्याशित समापन पर आ चुका था। बड़े आश्चर्य के साथ, आप अपने आप को सृष्टिकर्ता के सामने खड़े पाते हैं। आखिरकार अपने शाश्वत घर को देखने के बाद आपका भ्रम और भय, आशा और उत्साह में बदल जाता है, लेकिन अचानक प्रवेश करने से पहले आपको रोक दिया जाता है। परमेश्वर आपसे एक भेदने वाला सवाल पूछता है, "मुझे तुमको स्वर्ग में क्यों जाने देना चाहिए?"

आप कैसी प्रतिक्रिया देंगे?

शुक्र है, हममें से प्रत्येक के लिए जब यह महान और अद्भुत दिन आता है, तो परमेश्वर हमें प्रवेश से पहले कोई एक परीक्षा पूरी करने के लिए नहीं कहेंगे। फिर भी, उद्धार को बेहतर ढंग से समझने में हमारी सहायता करने के उद्देश्य से यह दृश्य एक महत्वपूर्ण, विचार-उत्तेजक तस्वीर चित्रित करता है।

कुछ अच्छे कामों का हवाला देकर परमेश्वर के प्रश्न का जवाब दे सकते हैं जो उन्होंने किये हैं। अन्य कुछ लोग अपनी कलीसिया में ईमानदारी से उपस्थिति का वर्णन करेंगे, और फिर कुछ लोग जीवन में उन सभी बुरी चीजों की सूची बता सकते हैं जिनसे वे दूर रहे थे। हालांकि ये हर मसीही के जीवन के महत्वपूर्ण तत्व हैं, लेकिन वे उद्धार की गारंटी नहीं देते हैं। इस प्रश्न का केवल एक ही सही जवाब है:

"मैंने यीशु मसीह को मेरे जीवन का प्रभु बनाया है, और उसने मुझे मेरे सभी पापों से शुद्ध किया है।"

"परमेश्वर ने आपको अनंतता को मन में रखते हुए बनाया है"

जब परमेश्वर ने हमें बनाया, तो वह हमारे अस्तित्व के विषय में 70 या 80 साल की योजना से काफी अधिक था। उनके पास हम में से प्रत्येक के जीवन के लिए एक विशिष्ट उद्देश्य है। उनकी योजना हमारे सांसारिक जीवन, और हमारे स्वर्गीय जीवन (या शाश्वत) दोनों तक विस्तृत है। याकूब 4:14 हमारे अस्तित्व के इन दो पहलुओं के बीच अंतर का वर्णन करता है। वह कहता है,

"तुम्हारा जीवन है ही क्या? तुम तो मानो भाप के समान हो, जो थोड़ी देर दिखाई देती है, फिर लोप हो जाती है।" याकूब 4:14

आपने यह कहावत सुनी है, "जीवन काफी छोटा है।" अनंत काल के प्रकाश में, यह छोटी ही है! बाइबल कहती है,

"...मनुष्यों के लिये एक बार मरना और उसके बाद न्याय का होना नियुक्त है।" इब्रानियों 9:27

हम सभी एक शारीरिक मृत्यु के अधीन हैं। लेकिन शारीरिक मृत्यु केवल हमारे भौतिक शरीर को छोड़ना है, न कि हमारी आत्मा को। हमारी आत्मा, या हमारे शरीर के अंदर रहने वाला हमारा सचेत अस्तित्व, शाश्वत है। हमारी आत्मा हमारी शारीरिक मृत्यु के बाद दो स्थानों में से एक में अनंत काल बिताएगी: स्वर्ग या नरक में।

स्वर्ग अनन्त निवासस्थान है जहां परमेश्वर रहता है। नरक परमेश्वर से पूर्ण अलगाव है।

इस दुनिया में हमारा प्राकृतिक जन्म न केवल पृथ्वी पर हमारे अस्थायी, भौतिक जीवन की शुरुआत थी, बल्कि अनंत काल के लिए यहां और उससे परे हमारे आत्मिक जीवन का आरम्भ भी था। तो अनंत काल के प्रकाश में, कुछ लोग हमारे सांसारिक जीवन को कम महत्व के रूप में देख सकते हैं, लेकिन यह सच नहीं है। आपकी शाश्वत नियति वास्तव में पृथ्वी पर आपके समय के दौरान किए गए निर्णयों द्वारा निर्धारित किया जाता है; सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यीशु मसीह को आपके जीवन का प्रभु बनाने का निर्णय। यीशु मसीह के माध्यम से हम सभी के लिए उद्धार उपलब्ध है, और केवल इसी के माध्यम से हम परमेश्वर से अलग रहकर अनंत काल बिताने की बजाय स्वर्ग में

परमेश्वर के साथ अनंतकाल व्यतीत करने के लिए हमारी नियति को बदल सकते हैं। यीशु ने कहा:

"मार्ग और सच्चाई और जीवन मैं ही हूं; बिना मेरे द्वारा कोई पिता के पास नहीं पहुंच सकता।" यूहन्ना 14:6

हमारे सांसारिक जीवन में किए गए फैसले अन्य कई कारणों से भी काफी महत्वपूर्ण हैं। जिस तरह से हम विश्वासियों के रूप में रहते हैं, वह उन लोगों के शाश्वत नियति पर भी असर डाल सकता है जो अभी तक यीशु मसीह को उनके उद्धारकर्ता के रूप में नहीं जानते हैं। हर दिन, हमारे आस-पास के लोग मसीह के लिए जीने का हमारा उदाहरण देख रहे हैं। मसीही होने के नाते, परमेश्वर हममें से प्रत्येक को स्वर्ग को हमारे आस-पास के लोगों के पास लाने के लिए उपयोग करता है जो अभी तक उसे नहीं जानते हैं। यीशु ने कहा:

"तुम जगत की ज्योति हो; जो नगर पहाड़ पर बसा हुआ है वह छिप नहीं सकता। और लोग दिया जलाकर पैमाने के नीचे नहीं परन्तु दीवट पर रखते हैं, तब उस से घर के सब लोगों को प्रकाश पहुंचता है।" मत्ती 5:14-16

"हम सभी को एक उद्धारकर्ता की आवश्यकता है"

जब परमेश्वर ने आदम और हव्वा को बनाया, तो उन्होंने उन्हें पाप रहित और अपने साथ एक पूर्ण संबंध में बनाया। जब उन्होंने उत्पत्ति के अध्याय तीन में परमेश्वर की आज्ञा की अवज्ञा की, तो उन्होंने अपने जीवन और पूरी मानव जाति को भी पाप में गिरा दिया। रोमियों 3:23 आदम और हव्वा के निर्णय के दूरगामी प्रभाव का वर्णन करता है:

"...इसलिये कि सब ने पाप किया है और परमेश्वर की महिमा से रहित हैं।" रोमियों 3:23

पाप और उसके प्रभाव से कोई भी बच नहीं पाया है; हम में से हर एक जन दोषी है। परिणामस्वरूप, हम सब परमेश्वर से अलग हो गए हैं। हमारा पाप भी एक अनंत परिणाम का कारण बनता है।

"क्योंकि पाप की मजदूरी तो मृत्यु है। "रोमियों :623अ

आदम और हव्वा द्वारा परमेश्वर की अवज्ञा करने के फैसले के कारण, मृत्यु उनके और उनके सभी वंशजों (मानव जाति) के लिए अपरिहार्य हो गई; शारीरिक और आत्मिक दोनों रूपों में। उनकी विफलता के बाद, परमेश्वर को एक निर्णय का सामना करना पड़ा: पाप को मानव जाति के साथ अपना कार्य करने की अनुमति देने की, जिसका परिणाम मानव जाति को विलुप्त होने देना था, या मानव जाति को पाप के फंदे से बचाने का साधन प्रदान करे। शुक्र है, उनके प्यार और अनुग्रह के चरम अभिव्यक्ति के रूप में, परमेश्वर ने अपने पुत्र के माध्यम से उद्धार का साधन प्रदान किया।

"क्योंकि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उस ने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे, वह नाश न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए।" यूहन्ना 3:16

"...परमेश्वर का वरदान हमारे प्रभु मसीह यीशु में अनन्त जीवन है॥" रोमियों 6:23ब

यीशु मसीह के अलावा, मानव जाति शारीरिक और आत्मिक दोनों मृत्यु के लिए नियत है; इसका कोई अपवाद नहीं है। लेकिन हम उन लोगों के लिए जो

मसीह में हैं, शारीरिक मृत्यु अभी भी हमारी प्रतीक्षा कर रही है, लेकिन आत्मिक मृत्यु (नरक) नहीं। इसकी बजाय, इस पृथ्वी को छोड़ने के बाद स्वर्ग में अनन्त जीवन हमारा इंतजार कर रहा है। यीशु मसीह के सिद्ध बलिदान और मृतकों से उनके पुनरुत्थान के द्वारा, हम पाप के आत्मिक दंड से बच जाते हैं!

"उद्धार: परमेश्वर का भाग और आपका भाग"

आपका उद्धार दो महत्वपूर्ण निर्णयों को एक साथ लाता है। पहला निर्णय वह है जिसे परमेश्वर ने अपने बेटे को हमारे एकमात्र उद्धारकर्ता के रूप में दुनिया में भेजने के लिए बहुत पहले बनाया था। दूसरा, आपके उद्धारकर्ता के रूप में उसके बेटे को ग्रहण करने का आपका निर्णय है।

"क्योंकि विश्वास के द्वारा अनुग्रह ही से तुम्हारा उद्धार हुआ है, और यह तुम्हारी ओर से नहीं, वरन परमेश्वर का दान है। और न कर्मों के कारण, ऐसा न हो कि कोई घमण्ड करे।" इफिसियों 2:8-9

अनुग्रह को अनुपयुक्त या अनर्जित कृपादृष्टि के रूप में परिभाषित किया जाता है। अनुग्रह उद्धार में परमेश्वर का हिस्सा है, और वह मानव जाति के प्रति अपने अनुग्रह को सिद्ध उपहार, अर्थात् यीशु मसीह के रूप में बढ़ाता है। क्रूस के माध्यम से, यीशु ने हमारे पापों के सभी दंड के लिए पूरा भुगतान किया। और यीशु के माध्यम से, जो परमेश्वर के अनुग्रह की दैहिक अभिव्यक्ति है, हमें किसी अनुपात में अच्छे काम करने

की आवश्यकता नहीं है, या न कभी हमारे द्वारा इसका भुगतान किया जा सकता था। हम अपना उद्धार कमा नहीं सकते हैं; यह हम सभी के लिए एक मुफ्त उपहार के रूप में उपलब्ध है, जिसके लिए हमारे हिस्से में कोई भुगतान नहीं है।

विश्वास को उस प्रमाण के रूप में परिभाषित किया गया है कि कुछ मौजूद है, लेकिन इसे शारीरिक रूप से देखा या छुआ नहीं जा सके। उद्धार में हमारे हिस्से के लिए विश्वास की आवश्यकता है, और विश्वास के द्वारा, हमारी इच्छा के कार्य के रूप में, हम यीशु को अपने जीवन का प्रभु बनाकर परमेश्वर को अपना जीवन समर्पण करने का चुनाव करते हैं। यीशु मसीह के माध्यम से परमेश्वर के अनुग्रह को विश्वास से प्राप्त करने के कारण, आप निस्संदेह, बिना किसी प्रश्न के स्वर्ग में परमेश्वर के साथ अनंत काल के लिए नियत हैं। आप उस तथ्य के प्रति 100% निश्चित हो सकते हैं!

जबकि अच्छे काम हमारे उद्धार को नहीं कमा सकते हैं, लेकिन यीशु को ग्रहण करने के बाद अपने मसीही जीवन को जीने में यह एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

"क्योंकि हम उसके बनाए हुए हैं; और मसीह यीशु में उन भले कामों के लिये सृजे गए जिन्हें परमेश्वर ने पहिले से हमारे करने के लिये तैयार किया॥"
इफिसियों 2:10

परमेश्वर के पास हम में से प्रत्येक के जीवन के लिए एक विशिष्ट उद्देश्य है, जिसका विवरण आपके और उसके बीच काफी हद तक होता है। लेकिन परमेश्वर के सभी बच्चों के लिए उनका एक आम उद्देश्य है, और वह यह है कि हम अपने विश्वास को अच्छे काम करके क्रियान्वित करते हैं। जब हम ऐसा करते हैं, तब हम अपने जीवन के प्रति परमेश्वर की योजना के एक महत्वपूर्ण हिस्से को पूरा करते हैं, और हमें दूसरों के प्रति उसके प्यार को चमकाने का सौभाग्य मिलता है। उद्धार एक नई शुरुआत और एक अंत दोनों ही है और यह उत्सव का कारण है। आप एक नई सृष्टि है, हमेशा के लिए बदल दिए गये हो!

"पानी का बपतिस्मा: एक परिवर्तित जीवन की सार्वजनिक घोषणा"

आपके उद्धार को सार्वजनिक रूप से घोषित करने का एक महत्वपूर्ण तरीका पानी का बपतिस्मा है। पानी का बपतिस्मा जीवन के पुराने तरीके का अंत और एक नए की शुरुआत का जश्न मनाता है। यीशु ने पुनरुत्थान के बाद स्वर्ग में जाने से ठीक पहले अपने शिष्यों को पानी के बपतिस्मा के महत्व को सिखाया। उसने कहा,

"इसलिये आप जाकर सब जातियों के लोगों को चेला बनाओ और उन्हें पिता और पुत्र और पवित्रआत्मा के नाम से बपतिस्मा दो।" मत्ती 28:19

सम्पूर्ण नए नियम में, विश्वासियों द्वारा बपतिस्मा लेने की अनगिनित घटनाओं का विवरण हैं। पानी के बपतिस्मा में बपतिस्मा लेने वाले और जो लोग देख रहे हैं ,दोनों के लिए महत्वपूर्ण प्रतीक है। पानी का बपतिस्मा सार्वजनिक रूप से दिखाता है: पानी में डुबकी से अपने जीवन के पूर्व तरीके का अंत करना; और फिर परमेश्वर में शुद्ध, पवित्र और एक नई सृष्टि के

रूप में बाहर निकलने से मसीह में आपके नए जीवन की शुरुआत करना।

लूका 3:3 पानी के बपतिस्मा को "मन फिराव का बपतिस्मा" के रूप में दर्शाता है और सार्वजनिक रूप से घोषित करने के महत्व पर जोर देता है कि हम अपने पुराने जीवन और पाप से दूर हो गए हैं। जबकि पानी का बपतिस्मा न हमें बचाता है और न ही हमारे पाप को ढांपता है, लेकिन यह हमारे मसीही जीवन के एक महत्वपूर्ण हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है - एक घोषणा कि आप एक नई सृष्टि हो, एक बदली हुई जिंदगी है! अगर कभी ऐसा कोई व्यक्ति होता जिसे यह घोषणा करने की आवश्यकता नहीं थी, तो वह स्वयं यीशु ही था, जिसने पृथ्वी पर एक पापरहित जीवन बिताया। लेकिन लूका 3:21 कहता है,

"जब सब लोगों ने बपतिस्मा लिया, और यीशु भी बपतिस्मा लेकर प्रार्थना कर रहा था, तो आकाश खुल गया।" लूका 3:21

यीशु ने बपतिस्मा लिया ताकि हम उसके उदाहरण का पालन करें। पानी के बपतिस्मा का महत्व नकारा नहीं जा सकता। यदि आपने अभी तक पानी का बपतिस्मा

नहीं लिया है, तो आपको पानी के बपतिस्मा को प्राथमिकता देने पर विचार करना चाहिए। बाइबल हमें हमारे उद्धार की सार्वजनिक घोषणा करने के लिए निर्देशित करती है, और अधिकांश बाइबल-विश्वास करने वाली कलीसियाएं पानी के बपतिस्मा को लेने के कई अवसर प्रदान करते हैं। यीशु के उदाहरण का अनुसरण करना हमेशा एक विजयी प्रस्ताव है। परमेश्वर आपको आपके विश्वासयोग्यता और आज्ञाकारिता के लिए बहुतायत से आशीष और प्रतिफल देगा!

"एक समापन विचार"

यदि आपने कभी यीशु को अपने जीवन में ग्रहण नहीं किया है, या यदि आपने एक समय में किया था, लेकिन अब उसके लिए नहीं जी रहे हैं, तो आप आज ही अपने हृदय की सच्चाई से एक सरल प्रार्थना करके एक नया समर्पण कर सकते हैं। वह प्रार्थना कुछ ऐसी हो सकती है,

"हे यीशु, मैं जानता हूँ कि मैं एक पापी हूं, और केवल आप ही मुझे पाप के दंड से मुक्त कर सकते हैं। मैं आपको अपने जीवन में आने और मेरे सभी पापों को शुद्ध करने की प्रार्थना करता हूं। मेरे जीवन के हर क्षेत्र में, मेरे जीवन के हर दिन में आपके लिए जीने में मेरी सहायता करें। मेरे जीवन में आने और मुझे मुक्त करने के लिए आपका धन्यवाद!"

यदि आपने ईमानदारी से यह प्रार्थना की है, और विश्वास करते हैं कि यीशु वह करेगा जो उसने कहा था कि वह करेगा, तो आपने अभी उद्धार पा लिया है, और अपने अनंत नियति को हमेशा के लिए परमेश्वर के साथ रहने के लिए बदल दिया है! बधाई हो!

यदि आपने मसीह का अनुसरण करने का निर्णय लिया है, तो हम आपसे सुनना चाहेंगे, और आपको अपनी नई यात्रा पर आपकी सहायता के लिए यू-वर्सन की बाइबल ऐप में अतिरिक्त अध्ययन सामग्रियां प्रदान करेंगे। कृपया नीचे दिए गए लिंक को चुनें:

मैंने मसीह के पीछे चलने का फैसला किया है!